DATE :- 30.05.2026
DAINIK BHASKAR, PAGE- ii, SURAT

परियोजना की अनुमानित लागत 1400 करोड़ रुपये, 3 नए मेट्रो स्टेशन बनेंगे

अब बुलेट ट्रेन स्टेशन तक पहुंचेगी मेट्रो, सारोली से अंत्रोली तक 4.4 किमी लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा संचालित सूरत मेट्रो रेल परियोजना के तहत अब मेट्रो लाइन-2 को अंत्रोली में बन रहे हाई स्पीड रेल (HSR) यानी बुलेट ट्रेन स्टेशन तक विस्तारित करने की योजना बनाई गई है। इस प्रस्तावित विस्तार से सूरत मेट्रो और मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के बीच सीधी कनेक्टिविटी स्थापित होगी। प्रस्ताव के अनुसार मेट्रो लाइन-2 का यह नया विस्तार सारोली से अंत्रोली हाई स्पीड बुलेट स्टेशन

तक लगभग 4.4 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर होगा। इस मार्ग पर यात्रियों की सुविधा के लिए तीन नए मेट्रो स्टेशन भी बनाए जाएंगे। इनमें कल्पतरू, अंबाबा कॉलेज और सूरत हाई स्पीड रेल स्टेशन शामिल हैं।

परियोजना की अनुमानित लागत 1400 करोड़ रुपये से अधिक है। इस एक्सटेंशन के पूरा होने के बाद यात्री मेट्रो से सीधे बुलेट ट्रेन स्टेशन तक पहुंच सकेंगे।

लाखों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा | विशेषज्ञों के अनुसार मेट्रो, बुलेट ट्रेन और अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों के बीच बेहतर समन्वय से शहर में ट्रैफिक दबाव कम करने में भी मदद मिलने की संभावना है। गौरतलब है कि मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना के तहत सूरत में अंत्रोली क्षेत्र में आधुनिक बुलेट ट्रेन स्टेशन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। ऐसे में मेट्रो कनेक्टिविटी जुड़ने से भविष्य में लाखों यात्रियों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।